तापमान
अधिकतम 24 .5 डिग्री
न्यूनतम 8 .0 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 15 दिसंबर 2023

11 बिल नहीं भरने पर स्ट्रीट लाइटों का कटा कनेक्शन



12 विद्यार्थियों ने रंगोली में दिखाई कला, समूह व एकलगान में चला सुर-ताल का संगम



## खबर संक्षेप

### अंबेडकर चौक के पास खड़ी बाइक चोरी

**रेवाड़ी।** अंबेडकर चौक के पास एक आहाते के पास खड़ी बाइक चोरी हो गई। पुलिस को दर्ज शिकायत में शक्ति नगर निवासी अजय ने बताया कि वह बाइक को आहाते के बाहर खड़ी करने के बाद अंदर चला गया। कुछ देर बाद जब वह बाहर आया तो बाइक गायब मिली। काफी तलाश करने पर भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### घर से घूमने के लिए निकला वृद्ध लापता

**रेवाड़ी।** सनसिटी सोसायटी में घूमने के लिए घर से निकला करीब 73 वर्षीय वृद्ध लापता हो गया। मूल रूप से गांव टींट निवासी सुभाष चंद्र ने बताया कि वह परिवार के साथ सनसिटी सोसायटी में रह रहा है। 13 दिसंबर को उसका पिता जयलाल घूमने के लिए घर से निकला था। इसके बाद वापस नहीं आया। काफी तलाश करने के बाद भी उसके पिता का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद वृद्ध की तलाश शुरू कर दी।

### गवर्नमेंट कॉलोनी से बाइक ले गए चोर

**रेवाड़ी।** गवर्नमेंट कॉलोनी में चोर एक मकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस को दर्ज शिकायत में कॉलोनी निवासी शशिकांत ने बताया कि उसने शाम के समय अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी करने के बाद लॉक कर दी थी। रात के समय उसकी बाइक चोरी हो गई। सुबह बाइक की काफी तलाश की गई, परंतु उसका कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद बाइक की तलाश शुरू कर दी।

### घर के अंदर खड़ी बाइक ले गए चोर

**रेवाड़ी।** अजय नगर में चोर एक घर के अंदर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। राजस्थान के माजरी निवासी नीरज ने बताया कि वह अजय नगर में अभयसिंह के मकान में पेंट का कार्य कर रहा है। उसने बाइक अभयसिंह के मकान में खड़ी की थी। इसके बाद वह किसी काम से चला गया। वापस आने पर उसे बाइक गायब मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का पता नहीं चल सका। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### दहेज उत्पीड़न का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। विवाहिता की शिकायत पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा कराने के प्रयास किए थे। सुलहनामा नहीं होने के बाद पुलिस ने 24 नवंबर को केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के कान्हड़का निवासी मुकेश को गिरफ्तार किया है। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट और धमकी मामले में दो काबू

**कोसली।** जुड्डी में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दंपति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर 17 नवंबर को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने गांव के नरेश और उसकी पत्नी कांता को गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### कोर्ट से घोषित पीओ चढ़ा पुलिस के हत्थे

**रेवाड़ी।** थाना बावल पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए पीओ को गिरफ्तार किया है। कोर्ट ने राजस्थान के पतलिया निवासी मोनू शर्मा को एक मामले में पीओ घोषित किया था। बावल थाना पुलिस ने उसके खिलाफ 13 दिसंबर को केस दर्ज करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया।

### पांच पदों के लिए 23 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे 2160 अधिवक्ता

## बार एसोसिएशन के चुनाव आज, रेवाड़ी बावल व कोसली को मिलेंगे नए प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में रेवाड़ी, बावल व कोसली के बार एसोसिएशन के चुनाव 15 दिसंबर को होने जा रहे है। रेवाड़ी बार एसोसिएशन से प्रधान, उप प्रधान, सचिव, सह सचिव व कोषाध्यक्ष पदों के लिए 12 उम्मीदवार, कोसली बार से प्रधान पद के लिए दो प्रत्याशी तथा बावल बार से प्रधान पद के लिए तीन, उप प्रधान, सचिव व सह सचिव के लिए दो-दो उम्मीदवार मैदान में है। कोसली बार में उप प्रधान, सचिव, सहसचिव व कोषाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हो चुके है। जबकि बावल बार में कोषाध्यक्ष भी निर्विरोध चुने गए है।


जिले की तीनों बार एसोसिएशनों में 2160 अधिवक्ता मतदान करेंगे। बार चुनाव के लिए चुनाव समितियों की ओर से पूरी तैयारी कर ली गई है। मतदान का समय सुबह 9 से शाम 4 बजे तक रहेगा। इसके उपरांत मतगणना करके परिणाम घोषित किए जाएंगे।



रेवाड़ी। रेवाड़ी बार रूम में चुनाव की तैयारी करते हुए चुनाव समिति।



विश्वामित्र यादव, संजय सिंह यादव



गजेन्द्र सिंह, उम्मेद सिंह

■ रेवाड़ी व कोसली में दो व बावल में तीन के बीच प्रधानी का मुकाबला



स्वंबर जाट



प्रवीण कुमार, हरिओम कौशिक

### इन प्रत्याशियों के बीच रहेगा मुकाबला

रेवाड़ी बार एसोसिएशन चुनाव में 1729, कोसली बार में 157 व बावल बार में 274 अधिवक्ता अपने मतदान का प्रयोग करेंगे। रेवाड़ी बार में प्रधान पद के लिए संजय सिंह यादव व विश्वामित्र यादव, उप प्रधान पद के लिए रजनीश शर्मा, रणवीर सिंह, सुमन यादव व सुरेंद्र पाल, सचिव पद के लिए मनप्रिय यादव व मोहित कुमार यादव, सह सचिव के लिए अनांशु और टार्जन यादव तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए अभिषेक एवं विवेक मैदान में है। कोसली बार में प्रधान पद के लिए गजेंद्र सिंह एवं उम्मेद सिंह में मुकाबला है। बावल बार में प्रधान पद के लिए प्रवीण कुमार, हरिओम व स्वंबर जाट, उप प्रधान के लिए अनूप सिंह व भूपेन्द्र, सचिव के लिए सुनीता कुमारी व किरण तथा सह सचिव पद के लिए लव भारद्वाज व शुभम में मुकाबला है। कोसली बार में उप प्रधान पद के लिए सतबीर सिंह, सचिव के पद पर अभिषेक यादव, सहसचिव पद पर राहुल तथा कोषाध्यक्ष पद पर राजपाल पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके है। बावल बार में कोषाध्यक्ष पद पर एडवोकेट जयपाल निर्विरोध निर्वाचित किए गए है।

### पहचान पत्र लाना होगा अनिवार्य

जिला बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में मतदाता अधिवक्ताओं को मतदान के लिए अपने साथ बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा या जिला बार एसोसिएशन की ओर से जारी किया हुआ पहचान पत्र लाना अनिवार्य है। चुनाव समिति के सदस्य एडवोकेट अश्वनी तिवारी, सतीश डागर, चौधरी चरण सिंह, चंदन सिंह यादव व नरेश कुमार यादव ने बताया कि मतदान कक्ष में मोबाइल एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का प्रयोग वर्जित है। मतदान ईवीएम मशीन से कराया जाएगा। रेवाड़ी बार में चुनाव के लिए तीन बूथ बनाए गए है। पहले बूथ पर मतदाता संख्या 1 से लेकर 500 तक तथा बूथ संख्या-2 पर 501 से लेकर 1100 तक तथा बूथ संख्या-3 पर 1101 से 1729 तक के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। बावल बार एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी राहुल जोशी तथा कोसली बार एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी कैप्टन शुभम यादव व हरपाल सिंह ढिल्लों ने बताया कि चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

## मेजर जनरल ने अग्निवीर भर्ती रैली का किया निरीक्षण



रेवाड़ी। भर्ती रैली का निरीक्षण करते हुए मेजर जनरल केपी सिंह। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

■ मेजर जनरल केपी सिंह ने रैली ग्राउंड में रन कर रहे उम्मीदवारों को प्रोत्साहित किया

शहर के राव तुलाराम स्टेडियम में चल रही सेना भर्ती रैली का वीरवार को मेजर जनरल केपी सिंह व वीएसएम एडीजी भर्ती जोन अंबाला ने निरीक्षण किया। अग्निवीर भर्ती रैली हरियाणा के चरखी दादरी, भिवानी, महेंद्रगढ़ और रेवाड़ी के चार जिलों के ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन में पास हुए उम्मीदवारों के लिए 17 दिसंबर तक आयोजित की गई है। मेजर जनरल केपी सिंह ने रैली ग्राउंड में रन कर रहे उम्मीदवारों को प्रोत्साहित किया। मेजर जनरल केपी सिंह ने कहा कि नए नियमों में पहली बार तिरछी लाइन से स्टार्ट, स्टॉप वॉच और दौड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों के लिए नई बनियान का उपयोग किया जा रहा है। रैली में सिविल प्रशासन और सिविल स्टॉफ के कार्य की भी प्रशंसा की।

### कोसली क्षेत्र के गांव से नव विवाहिता लापता

**कोसली।** उपमंडल के गांव के एक व्यक्ति ने अपनी हाल ही में विवाहित बेटी की गुमशुदगी की शिकायत कोसली थाने में दर्ज कराई है। मामले से पीड़ित पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने गत 29 नवंबर को अपनी बेटी की शादी महेंद्रगढ़ जिले के एक गांव निवासी युवक से की थी। 13 दिसंबर को वह ससुराल से मायके उनके पास आई हुई थी। वह बुधवार प्रातः 11 बजे करीब घर से किसी से मिलने की कहकर गई थी। करीब ढ़ाई बजे उसने अपनी मां को फोन कर बताया कि वह अपनी सहेली से मिलने कोसली आ गई है तथा कुछ देर बाद घर वापस आएगी। उसके बाद उन्होंने बेटी के फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया परंतु उसके बाद से ही उसका मोबाइल बंद है। पुलिस ने उनकी शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की है।

## आयकर विभाग ने अटैच की संपत्ति

### दूसरी कंपनी को बेच दी जमीन

■ कंपनी के 6 निदेशकों के खिलाफ घोखाघड़ी का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

आयकर विभाग की ओर से 170 करोड़ रुपये का टैक्स भुगतान नहीं किए जाने के बाद अटैच की गई एक कंपनी की संपत्ति को धोखे से करोड़ों रुपये में बेचने के आरोप में पुलिस ने 6 कंपनी निदेशकों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। यह केस खरीददार की ओर से एसपी को दर्ज कराई गई शिकायत के बाद एसपी के आदेश पर दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एसपी को दर्ज शिकायत में यूपी के मसकरा खुर्द निवासी एल लखनपाल ने बताया कि उसने मैसर्स एशियन कंसोलिडेटिड इंडस्ट्रीज लि. के निदेशकों राजीव जैन, रितु जैन, शिवानी जैन, जगबीर, उमेश चहल और महेश खन्ना से चिराहड़ा में कंपनी की जमीन के एक भाग को खरीदने के लिए 26.25 करोड़ रुपये में सौदा किया था। जमीन खरीदते समय राजीव जैन ने बताया था कि यह जमीन पूरी तरह साफ-सुथरी और अधिभार मुक्त है। इसके बाद उसने कंपनी निदेशकों से जमीन की रजिस्ट्री करा ली। बाद में उसे पता चला कि आयकर विभाग की 170 करोड़ रुपये की राशि कंपनी पर बकाया होने के कारण संपत्ति अटैच की हुई है। उसने आरोप लगाया कि कंपनी निदेशकों ने उसे गुमराह करते हुए उसके साथ धोखाधड़ी की है। एसपी के आदेश पर थाना कसोला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। मामले की जांच इकोनॉमी सेल को सौंपी गई है।

## ओवरलोडिंग पर सीएम फ्लाइंग का शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर वीरवार को एक बार फिर सीएम फ्लाइंग ने ओवरलोड डंपरों पर शिकंजा कसने के लिए आरटीए अफसरों के साथ चेकिंग शुरू की। इससे हाइवे पर चलने वाले ओवरलोड वाहनों के मालिकों में हड़कंप मच गया। संयुक्त टीम ने हाइव पर 7 ओवरलोड डंपर पकड़े, जिन पर 4.80 लाख रुपये जुर्माना किया गया। सीएम फ्लाइंग की कार्रवाई शुरू होने के बाद ओवरलोड वाहन हाइवे से गायब हो गए। सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सत्येंद्र कुमार के नेतृत्व में आरटीए स्टाफ के इंस्पेक्टर नरेश कुमार व सीआईडी के सब इंस्पेक्टर बलजीत ने कसोला चौक से जयसिंहपुर खेड़ा बैरियर तक ओवरलोड वाहनों की जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने सात वाहन ऐसे पकडे, जिनमें क्षमता से अधिक सामग्री भरी हुई थी। इन वाहनों को कसोला चौक के पास पार्किंग में इंपाउंड किया गया। वाहनों से मौके पर ही जुर्माना राशि की वसूली की गई।





सात डंपरों को किया जब्त

### खेड़ा बॉर्डर के पास ही रोके वाहन

सीएम फ्लाइंग की चेकिंग शुरू होने के साथ ही ओवरलोड माफिया में अफरा-तफरी मच गई। राजस्थान की ओर से आने वाले वाहनों को राजस्थान की सीमा में ही खेड़ा बॉर्डर के पास रोक दिया गया। इसके इसके बाद हाइवे पर ओवरलोड वाहन नजर नहीं आए। चेकिंग शुरू होने के बाद हमेशा ऐसे वाहनों को राजस्थान की सीमा में रोक दिया जाता है, जहां कार्रवाई करने का अधिकार आरटीए स्टाफ को नहीं है।

## चोर ने घर में लगाई सेंध नोटों का बैग लेकर फरार

■ बैग में लगभग एक लाख रुपये थे

■ रामपुरा थाना पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जाडरा में रात के समय एक चोर ने मकान में सेंध लगाकर नोटों का बैग चोरी कर लिया। बैग में लगभग एक लाख रुपये थे। रामपुरा थाना पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

पुलिस को दर्ज शिकायत में महेंद्र सिंह ने बताया कि उसने रेवाड़ी अनाज मंडी में 73 हजार रुपये की सरसों बेची थी। सरसों की रकम लेकर वह घर आ गया। घर में रखे 15 हजार रुपये के साथ उसने सरसों बेचने से मिली रकम भी एक बैग में रखकर बैग कमरे की खूंटी पर टांग दिया था। कमरे को ताला लगाया हुआ था। रात के समय उसकी पत्नी की आंख खुली, तो उसे कोई व्यक्ति उनके घर से भागता हुआ दिखाई दिया। उसकी पत्नी ने उसे नींद से उठाकर बताया कि घर से कोई भागकर गया है। इसके बाद उसने कमरे की ओर जाकर देखा तो ताला टूटा हुआ मिला। कमरे में रखा नकदी का बैग गायब मिला। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद आरोपी का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

## 6.36 लाख ठगी के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

■ पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने वाट्सएप से वीडियो काल कर अश्लील वीडियो बनाकर ठगी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला अलवर के गांव जैनखा बास मन्नाका निवासी ईरफान के रूप में हुई है। गांव कापड़ीवास निवासी सुंदरपाल ने साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका अपना व्यवसाय है। पिछले साल जुलाई माह में उनके पास एक अनजान युवती का व्हाट्सएप कॉल आया था। शुरूआत में उसने अपना फोन नहीं उठाया, लेकिन लगातार कॉल की वजह से उसने कॉल अटेंड कर ली। इसी दौरान ने उसने उसकी अश्लील वीडियो बनाकर उसे एडिट कर दिया। 13 दिसंबर को उसके पास फोन आया, जिसमें फोन करने वाले ने अश्लील वीडियो का जिक्र करते हुए उसे हटाने के लिए पैसों की डिमांड की। इस पर पहले उसने 5 हजार रुपये और उसके बाद 10 हजार रुपये और फिर 21 हजार रुपये फोन पे के माध्यम से उस नंबर पर भेज दिए। इसके बाद भी उनकी डिमांड बढ़ती रही तो शातिरों ने उनसे दो दिनों में ही 1 लाख 36 हजार रुपये अलग-अलग खातों में डलवा लिए। 17 दिसंबर को फिर फोन आया और उसने प्रति वीडियो डिलीट करने के लिए 1 लाख 50 हजार रुपये की मांग की। उसने बदनामी से बचने के लिए किसी बंटी महोर नाम के युवक के खाते में कुल 4 लाख 50 हजार रुपये जमा करा दिए। पीड़ित ने बताया कि 17 दिसंबर तक उसने अलग अलग खातों में कुल 6 लाख 36 रुपये जमा कराए दिए थे। इसके बाद आरोपियों ने फिर से साढ़े 4 लाख रुपये मांगे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ साइबर थाने में ठगी का मामला दर्ज करके मामले में एक आरोपी अजय उर्फ आर्यन निवासी हरसौली जिला अलवर को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। मामले में पुलिस ने एक और आरोपी ईरफान को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।



रेवाड़ी। साइबर थाना पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो :हरिभूमि

**जांच** नशा तस्करी के संदिग्ध लोगों की जांच की गई

## डॉग जॉन के साथ चला सर्च अभियान एचएसएनसीबी की टीम ने की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की जिला यूनिट ने वीरवार को खेड़ा बॉर्डर के बाद नेशनल हाइवे पर पड़ने वाले होटलों और ढ़ाबों पर स्नीपर डॉग जॉन के साथ तलाशी अभियान चलाया। नशा तस्करी के संदिग्ध लोगों की जांच की गई। इस दौरान हाइवे पर कई वाहनों की जांच भी की गई। एचएसएनसीबी प्रमुख एडीजीपी ओपी सिंह के निर्देश पर नशा तस्करों के खिलाफ तेजी से एक्शन लिया जा रहा है। ब्यूरो की जिला यूनिट कई नशा तस्करों को काबू कर चुकी है। इसी क्रम में एसपी अनिल यादव के निर्देश पर यूनिट प्रभारी अनिल कुमार की टीम जयसिंहपुर खेड़ा बॉर्डर एरिया में स्नीपर डॉग के साथ निकली। वहां टीम ने सघन जांच अभियान चलाया। टीम ने होटल व ढाबों पर जांच के साथ-साथ नशा तस्करी के संदिग्ध लोगों को आगाह करते हुए कहा कि वह नशा तस्करी से खुद को पूरी तरह दूर कर लें। टीम ने नेशनल हाइवे पर राजस्थान की ओर से आने वाले वाहनों की भी जांच की। पता चलने के बाद उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



स्नीपर डॉग के साथ वाहनों की जांच करते एचएसएनसीबी की टीम।

### आमजन से मिल रहा पूरा सहयोग

यूनिट प्रभारी ने कहा कि नशा तस्करों के खिलाफ यूनिट के टॉल फ्री नंबर 90508-91508 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। इस नंबर पर सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम व पता गोपनीय रखा जाता है। नशे जैसी सामाजिक बुराई को खत्म करने के लिए आमजन का पूरा सहयोग मिल रहा है। इस नंबर पर मिलने वाली शिकायत और सूचनाओं के आधार पर ब्यूरो की टीम कई नशा तस्करों को सलाखों के पीछे कर चुकी है। ब्यूरो का सर्च अभियान नियमित रूप से चलता रहेगा।

### धोखाधड़ी से गाड़ी हड़पने का आरोपी गिरफ्तार

**कोसली।** थाना कोसली पुलिस ने धोखाधड़ी से गाड़ी हड़पने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है। गत 1 जून को पुलिस कमिश्नर के आदेश पर पुलिस ने नया गांव निवासी राजेंद्र की शिकायत पर महेंद्रगढ़ के वार्ड नं. 19 निवासी गौतम जिंदल के खिलाफ केस दर्ज किया था। राजेंद्र का आरोप था कि पहले उसने लाखों रुपये लेने के बाद वापसी करने के समय तीन चेक दिए थे। तीनों चेक बाउंस हो गए थ। उसने बाद में एक प्रनोट भरकर दे दिया। 6 लाख से अधिक की रकम वापस नहीं की। गौतम उससे रुपये लाने के लिए ब्रेजा कार मांगकर ले गया था। उसने उसकी कार भी नहीं लौटाई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को गर्म वस्त्र वितरित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री का किया वितरण

**रेवाड़ी।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय सुंदरोज में डा. मानसिंह चौहान हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार की ओर से अपने पिता कुंदन सिंह चौहान की पुण्यतिथि पर विद्यालय में छात्रों को गर्म वस्त्र तथा पाठ्य सामग्री वितरित की। विज्ञान अध्यापक महेश कुमार ने इस पुनीत कार्य की सराहना की। कार्यक्रम में बच्चों ने अतिथियों के सम्मान में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अध्यापिका कांता देवी तथा सरपंच प्रवीण कुमारी ने की। इस अवसर पर समाजसेविका अनीता चौहान, हरिश्चंद्र रिटायर्ड अध्यापक, नंबरदार कृपाराम शर्मा, मास्टर नाहर सिंह, दशरथ चौहान, सीमा चौहान, सुशील चौहान व रोहिणी चौहान सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित था।

## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। सीएम के ओएसडी से मिलते जिला पार्षद। फोटो : हरिभूमि

### सीएम के ओएसडी से मिले जिला पार्षद

■ वार्ड की समस्याओं व विकास कार्य कराने की मांग रखी

रेवाड़ी। जिला पार्षद सुरेन्द्र माडिया ने मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र बाडखालसा से चंडीगढ़ में मुलाकात कर अपने वार्ड की समस्याओं व विकास कार्य कराने की मांग रखी। ओएसडी ने पार्षद को जल्द ही समस्याओं का समाधान करने एवं विकास कार्य कराने का आश्वासन दिया। जिला पार्षद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का सबका साथ-सबका विकास सबका विश्वास एक ही नारा है, जिसको लेकर समान विकास कार्य होने चाहिए। उन्होंने वार्ड के लिए करीब 1.5 करोड़ रुपए के विकास कार्यों कराने के लिए चर्चा की।

### सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की मौत

रेवाड़ी। सड़क हादसे में घायल हुए कृष्णा नगर के एक व्यक्ति की मौत हो गई। लगभग 50 वर्षीय मंजीत सिंह सड़क हादसे को शिकार होकर घायल हो गया था। उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। थाना मॉडल टाउन पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

नगर परिषद की अंधेरगर्दी से शहर में फिर अंधेरा

# बिल नहीं भरने पर बिजली निगम ने काटा स्ट्रीट लाइट कनेक्शन

बिजली निगम का नगर परिषद पर 7.65 करोड़ का बिल बकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नगर परिषद अंधेरगर्दी का पर्याय बन चुकी है। नगर परिषद की ओर से ढाई साल से अधिक समय से स्ट्रीट लाइटों को बिजली बिल नहीं जमा कराया है। बिल जमा नहीं कराने पर बिजली निगम ने कार्रवाई करके शहर में कई मार्गो की स्ट्रीट लाइटों का कनेक्शन काट दिया है, जिससे एक बार फिर से शहर के इन मार्गो पर अंधेरा छा गया है। नगर परिषद पर बिजली निगम का 7.65 करोड़ रुपए का बिजली बिल बकाया है। वीरवार को सिटी-2 के एसडीओ मनीष सनवाल ने नगर परिषद अधिकारियों के साथ बकाया बिल का लेकर बैठक की तथा जल्द भुगतान करने का आग्रह किया ताकि शहर की स्ट्रीट लाइटें निर्बाध रूप से सुचारू रह सके।



रेवाड़ी। सरकुलर रोड पर बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें। फोटो : हरिभूमि

### पहले भी कई बार काटा जा चुका कनेक्शन

नगर परिषद ने बिजली निगम का बिजली बिल न भरने को आदत में शुमार कर लिया है। लंबे समय तक बिजली बिल नहीं भरने के कारण नगर परिषद कई बाद बिजली निगम का निशाना बन चुका है। इससे पहले भी स्ट्रीट लाइटों व नगर परिषद कार्यालय का बिजली बिल न भरने पर कनेक्शन काटे जा चुके है। नगर परिषद कार्यालय का दो बार कनेक्शन काटा जा चुका है। इसी वर्ष फरवरी माह में बिजली निगम की ओर से नगर परिषद कार्यालय को बिजली कनेक्शन काट दिया गया था। बाद में बिल जमा कराने पर कनेक्शन जोड़ा गया। नगर परिषद की ओर से 31 मार्च 2021 को 5,73,435 रुपए का बिजली बिल भरा गया था। उसके बाद से नगर परिषद ने स्ट्रीट लाइटों का बिजली बिल जमा नहीं कराया है। बिजली निगम की ओर से बिल नहीं भरने पर कई मार्गो की स्ट्रीट लाइटों का कनेक्शन फिर से काट दिया है। नगर परिषद पर बिजली निगम का करीब 7.65 करोड़ का बिजली बिल बकाया है, जिसमें सिटी-1 का 2.31 करोड़, सिटी-2 का 5.23 करोड़ व सबर वन का 21 लाख रुपए का बिजली बिल बकाया है।

#### इन मार्गो पर हुआ अंधेरा

बिजली निगम के सिटी-2 एसडीओ के आदेश पर सेक्टर-4 बाइपास, दिल्ली रोड, कालाका रोड, धारूहेड़ा चुंगी से अभय सिंह चौक, बंजारवाड़ा के पास, छीपटवाड़ा व खासापुरा एरिये की स्ट्रीट लाइटों के कनेक्शन काटे गए हैं। नगर परिषद की ओर से बिजली का बिल नहीं भरने से सर्दी में कोहरे के समय मार्गो पर अंधेरा होने से वाहन चालकों व शहर वासियों के लिए फिर से परेशानी पैदा हो गई है। नगर परिषद की ओर से लंबे समय से बंद शहर की स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत का हाल ही में टेंडर किया गया था, जिसके बाद शहर की सभी स्ट्रीट लाइटें दुरुस्त होकर मार्गो को रोशन कर रही थी।

#### बिल जमा नहीं कराने पर की कार्रवाई

बिजली निगम की ओर से नगर परिषद को बकाया बिल जमा कराने के लिए रिमाइंडर भेजा गया था, लेकिन नगर परिषद ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया, जिसके कारण कई मार्गो के कनेक्शन काटने पड़े।

*मनीष सनवाल, एसडीओ सिटी-2*

## कृषि यंत्रों के लिए 31 तक करें ऑनलाइन आवेदन



■ कृषि यंत्रों पर 40 से 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

कृषि एंव किसान कल्याण विभाग हरियाणा की ओर से कृषि मशीनीकरण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए है। उप निदेशक कृषि विभाग डा. गजराज सिंह नैन ने बताया कि विभिन्न कृषि यंत्रों पर 40 से 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। सहायक कृषि अभियन्ता इंजी. दिनेश शर्मा ने बताया कि एसएमएएम/एनएफएसएम स्कीम के तहत किसान कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए 31 दिसंबर तक एग्रीहरियाणा.जीओवी.इन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। एसएमएएम स्कीम के अर्न्तगत विभिन्न प्रकार के 29 कृषि यंत्रों/मशीनों जैसे बैटरी/ इलैक्ट्रिक/सोलर/चालित पावर विडर, सेल्फ प्रोपेलड मल्टी टूलबार, सेल्फ प्रोपेलडहाई, क्लीरनस बूमस्पेयर, चाफक्टर वीद लोडर, ट्रैक्टर चालित साईलेंज पैंकिंग मशीन, बैटरी चालित खाद छिड़काव यंत्र, ट्रैक्टर चालित खाद छिड़काव यंत्र, ट्रैक्टर चालित हाईड्रालिक प्रैस स्ट्राबेलर, एमबी प्लाव, सब्सायलर, मल्टी क्रॉप बेडप्लांस्टर/रेजर बेडप्लांटर, सेल्फ प्रोपलड धान रोपाई मशीन, ट्रैक्टर चालित मशीन ग्रेनक्लीनर कम ग्रेडर/बिनोईंगफन, टैक्टर चालित रीपर कम बाइंडर, मिलेट मशीन/मिलेट मिल, ट्रैक्टर चालित मक्का थ्रेसर-मक्का शेलर, ट्रैक्टर चालित न्यूमेटिक प्लांटर मशीन, ऑयल एक्सपैलर, प्रैस, शुगरकेन कटर, ट्रैक्टर चालित मोबाइल कॉटन थ्रैडर, ट्रैक्टर चालित लोडर/डोजर, काऊ डंग बैरिक्ट मशीन, काऊ डंग डीवाटरिंग मशीन, पैडी मोबाइल ड्रायर, लेजर लैंड लेवलर, कॉटन सीड ड्रील तथा ट्रैक्टर मांऊटिड स्प्रै पंप पर 40 से 50 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान किया गया है।

सहायक कृषि अभियंता ने बताया कि किसानों की ओर से चालू रबी एवं खरीफ फसल का मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। एक परिवार पहचान पत्र पर केवल एक ही व्यक्ति लाभ ले सकता है।

### बांटे गैस कनेक्शन



रेवाड़ी। महिला को गैस कनेक्शन वितरित करते बिक्रम यादव। फोटो : हरिभूमि

## जिले में गांव-गांव जाकर लोगों को लाभांवित कर रही पीएम मोदी की गारंटी वैनः बिक्रम

■ विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों को योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी/कोसली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की समाज के अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ देने की गारंटी के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद ने वीरवार को जिले के गांव बालधन कलां, बास रतनथल, बेरवाल, बालावास, घटाल महनियावास व बधराना में पहुंचकर लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ देते हुए जागरूक किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों ने स्टॉल व प्रदर्शनी लगाकर लोगों को योजनाओं व सरकारी सेवाओं की जानकारी दी। कोसली विधानसभा क्षेत्र के गांव बालधन कलां व बास रतनथल में पहुंचने पर पूर्व मंत्री विक्रम यादव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मोदी की गारंटी वैन को प्रत्येक नागरिक के जीवन में सुरक्षा, समृद्धि और खुशहाली का वाहक बताया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में लाभार्थी अपने अनुभव बता रहे हैं जोकि औरों के लिए प्रेरणास्पद हैं। जो लोग गांव में आवास, शौचालय, रसोई गैस सिलेंडर, निःशुल्क राशन, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान बीमा जैसी किसी भी योजना से वंचित रह गए हैं, उन्हें मौके पर ही योजना से लाभांवित किया जा रहा है।

पूर्व मंत्री ने कहा कि भारत देश आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र के लक्ष्य पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के लिए अगले 25 साल बहुत ही अहम हैं, 2047 तक हमें मिलकर भारत को आत्मनिर्भर और विकसित देश बनाना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 140 करोड़ देशवासियों का लक्ष्य देश को आत्मनिर्भर और विकसित बनाना ह। प्रधानमंत्री के आजादी के अमृत महोत्सव में दिए गए पंच प्रण ही आत्मनिर्भर और विकसित भारत का सपना साकार करने में सहायक सिद्ध होंगे।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में शपथ लेते अतिथि व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### अंतिम व्यक्ति को मिल रहा योजनाओं का लाभ

गांव बेरवाल व बालावास में पूर्व मंत्री जसवंत सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि यात्रा का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रयासों से देश-प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन का दौर शुरू हुआ है, जिसके परिणाम स्वरूप अंतिम व्यक्ति को घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यदि कोई पात्र व्यक्ति किसी वजह से सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं ले पाए हैं तो वह अब इस यात्रा के दौरान अपने गांव में ही आवेदन कर योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। गांव घटाल महनियावास व बधराना में भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष जयवीर योगी ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से पहुंच रहा है। इसमें परिवार पहचान पत्र सबसे सशक्त माध्यम साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा 2047 तक देश को आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को हकीकत में बदलेगी।

### विभागों की स्टॉलों का किया अवलोकन

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन भी किया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी, एनीमिया की जांच, निरोगी हरियाणा के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर, आयुष विभाग की ओर से आरोग्य शिविर, पीपीपी से संबंधित सेवाओं के लिए हेल्प डेस्क, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा व किसानों के लिए कृषि और बागवानी विभागों की हेल्प डेस्क, मेरा भारत स्वयं सेवकों के पंजीकरण के लिए स्टॉल, बैंकिंग सेवाओं के लिए स्टॉल व ऋण आवेदनों के लिए हेल्प डेस्क लगाए गए। इस अवसर पर सुरेन्द्र माडिया जिला पार्षद, डा. कविता यादव जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, मीना देवी मंडल महामंत्री महिला मोर्चा, सरोज यादव प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, सुमित्रा देवी, दीपा भारद्वाज, धर्मबीर ब्लॉक समिति मेंबर, बीडीपीओ अंकिता चौहान, संदीप सरपंच बालधन कलां, पूर्व सरपंच ओमप्रकश, राजकुमार सरपंच बालधन खुर्द व सुरेन्द्र खुशपुरा सरपंच सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व अधिकारी मौजूद थे।

## हड़ताल पर सफाई कर्मी, छंटनी किए कर्मचारियों को वापस लेने व पक्का करने की कर रहे मांग

■ हड़ताल के दौरान कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार की वायदा खिलाफी के खिलाफ नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नगर पालिका कर्मचारी संघ की ओर से वीरवार को दो दिवसीय टूल व पैन डाउन हड़ताल नगर परिषद कार्यालय के बाहर शुरू की। हड़ताल की अध्यक्षता नगर परिषद कर्मचारी यूनियन के कैशियर पूरणचंद पिहाल ने की। हड़ताल के दौरान कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार की वायदा खिलाफी के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने सरकार से 29 अक्टूबर 2022 व 5 अप्रैल 2023 को नगर पालिका संघ व सरकार के बीच हुए समझौते को लागू करने तथा गुरुग्राम नगर निगम में छंटनी किए गए 3480 कर्मचारियों, अन्य पालिकाओं, परिषद, निगमों व अग्निशमन विभाग में छंटनी किए गए कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापस लेने तथा कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग की। उन्होंने कहा कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम सहित वर्कआउट, सोर्स मैनपॉवर व अन्य सभी ठेकों को समाप्त किया जाए।



रेवाड़ी। हड़ताल के दौरान मौजूद कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

यूनियन के कैशियर पूरणचंद व राज्य महिला सब कमेटी के नेता पूनम ने कहा कि हरियाणा सरकार लगातार पालिकाओं के कर्मचारियों के साथ भेदभाव की नीति अपना रही है। उन्होंने कहा कि संघ के आंदोलन के दबाव में आकर सरकार स्टेट कमेटी से वार्ता करके सभी मांगों पर सहमति जताती है, लेकिन सहमति के बाद मांगों को लागू नहीं करके वायदा खिलाफी कर रही है। उन्होंने कहा कि 8 फरवरी 2022 को पालिका परिषद और निगमों के 4298 कर्मचारियों को पक्का करने के लिए सरकार ने एक पत्र जारी किया, लेकिन अभी तक लागू नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि 4298 कर्मचारियों को पक्का करने के साथ-साथ सरकार विभाग के पे रोल पर करीब 15000 कर्मचारियों को भी एक समान पक्का करें और ठेके पर लगे कर्मचारियों को ठेकेदारी से मुक्त कर विभाग के पे रोल पर शामिल करें। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया तो जो नगरपालिका कर्मचारी संघ आंदोलन तेज करने पर बाध्य होगा। हड़ताल पर मामराज, रेखा देवी, सुनीता देवी व मीनू आदि रहे।

## गीता महोत्सव का आगाज 22 से, गीता के सभी पहलुओं पर केंद्रित रहेगा आयोजन

■ महोत्सव की तैयारियों में जुटा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला मुख्यालय पर आगामी 22 व 23 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव गरिमामयी ढंग से मनाया जाएगा। डीसी राहुल हुड्डा ने वीरवार को अधिकारियों को गीता थीम पर आधारित सभी प्रकार के सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियों के आयोजन को लेकर दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने कार्यक्रमों की रूपरेखा के बारे में अवगत कराया। डीसी हुड्डा ने कहा कि आगामी 22 दिसंबर को बाल भवन परिसर में गीतापुरम के रूप में महोत्सव स्थल को तैयार करते हुए गीता पूजन के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर महोत्सव का आगाज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय महोत्सव पूर्ण रूप से गीता के उपदेशों की महत्ता आज के परिवेश में कितनी कारगर है, के आधारभूत सांस्कृतिक मंच को सजाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दो दिवसीय महोत्सव में राजकीय व निजी विद्यालयों की संयुक्त भागीदारी रहेगी और सभी धार्मिक, सामाजिक संगठनों की सहभागिता के साथ भव्य ढंग से महोत्सव को मनाया जाएगा।



रेवाड़ी। बैठक लेते हुए डीसी राहुल हुड्डा। फोटो : हरिभूमि

### सार्थक संदेश को समर्पित होगा गीता महोत्सव

डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि रेवाड़ी जिला में आयोजित 22 व 23 दिसंबर का गीता महोत्सव गीता के सार्थक संदेश को समर्पित होगा। उन्होंने बताया कि इन दो दिनों में जिला के लोगों को विभिन्न समसामयिक गतिविधियों के माध्यम से अन्याय का विरोध करने, मोह का त्याग करने, धर्म का पालन करने, नारी का सम्मान करने, स्वयं का संयमित एवं अनुशासित होने सहित अन्य गीता में दिए गए सभी पहलुओं को केंद्रित करते हुए आमजन तक सार्थक संदेश पहुंचाया जाएगा।


इस मौके पर कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं एडीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल, एसडीएम होशियार सिंह, एसडीएम बावल डा. जितेन्द्र सिंह, एसडीएम कोसली जयप्रकाश, सीटीएम लोकेश, सीईओ जिला परिषद कुलभूषण बंसल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे

सीएम की गुडबुक में शामिल हो चुके कैबिनेट मंत्री

## डा. बनवारीलाल ने बनाया तालमेल नहीं छोड़ी पार्टी

ईमानदार छवि और विकास पर जोर देकर डा. बनवारीलाल ने विरोधियों को काफी पीछे छोड़ दिया

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी



राव इंद्रजीत सिंह



डा. बनवारीलाल



सीएम मनोहरलाल

राजनीति के मैदान में कैबिनेट मंत्री डा. बनवारीलाल को आगे बढ़ाने में भले ही केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का बड़ा योगदान रहा है, परंतु भाजपा में खुद को पूरी तरह एडजेस्ट करने में कैबिनेट मंत्री ने सीएम और राव दोनों के साथ बराबर सामंजस्य बनाए रखा है। इमानदार छवि और इलाके के विकास पर पूरा जोर देकर डा. बनवारीलाल ने विरोधियों को काफी पीछे छोड़ दिया है। वर्ष 2014 के चुनावों से पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए राव इंद्रजीत सिंह 'विरोध की राजनीति' को नहीं छोड़ पाए। भाजपा के पहले कार्यकाल में उन्होंने सीएम मनोहरलाल की कई मौकों पर खिंचाई की, जिससे सीएम की नजर में वह बड़े विरोधी बन गए। एक बार प्रदेश का सीएम बनने की ललक के चलते ही वह मनोहरलाल को राजनीतिक दुश्मन मानने लगे। कुछ मौकों को छोड़कर वह सीएम के साथ ज्यादा मंच भी सांझा नहीं कर पाए। पहले कार्यकाल में मनोहरलाल राव के समक्ष कुछ मौकों पर दबाव में नजर आते दिखाई दिए, परंतु बाद उन्होंने राव को महत्व देना ही बंद कर दिया। राव के विपरीत डा. बनवारीलाल प्रदेश सरकार में प्रभावी मंत्री होने के नाते सीएम से नजदीकियां बढ़ाते चले गए। पार्टी और सरकार दोनों के लिए उनकी वफादारी को लेकर कभी सवाल खड़े नहीं हुए। सीएम से बढ़ती नजदीकियों के चलते उन्हें कुछ मौकों पर अपने 'राजनीतिक गुरू' की नाराजगी का सामना भी करना पड़ा, परंतु वह परिस्थितियों को संभालने में पूरी तरह कामयाब साबित हुए। उन्होंने बावल हलके के विकास को प्रमुखता देते हुए कई बड़ी परियोजनाओं को सिरे चढ़वाया, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से उनका लगाव बढ़ता चला गया। इस समय सीएम डा. बनवारी सीएम के सच्चे सिपाही के रूप में कार्य कर रहे हैं। उनकी कार्यशैली को लेकर सीएम से लेकर पार्टी संगठन तक पूरी तरह संतुष्ट नजर आ रहे हैं, जबकि एक अन्य मंत्री के सामने असमंजस की स्थिति पैदा हो चुकी हैं। राव खेमे की ओर से 'दुत्कार' के बाद उन्हें सीएम खेमे की ओर से भी गले लगाने से मना कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार कुछ कर्मचारियों के तबादले को लेकर राव ने कई बार प्रदेश सरकार से सिफारिश की, परंतु उनके लिखे गए पत्रों को रद्दी की टोकरी के अलावा कोई दूसरा स्थान नहीं मिल सका। जिन चहेतों के ट्रांसफर तक कराने में असहाय नजर आने वाले राव का महत्व भी उन्हीं चहेतों की नजर में कम हो गया।

#### सीएम ने नहीं दिया केंद्रीय मंत्री को महत्व

विरोध की राजनीति के चलते सीएम मनोहरलाल ने केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह को ज्यादा महत्व देना लगभग बंद कर दिया। सूत्रों के अनुसार कुछ कर्मचारियों के तबादले को लेकर राव ने कई बार प्रदेश सरकार से सिफारिश की, परंतु उनके लिखे गए पत्रों को रद्दी की टोकरी के अलावा कोई दूसरा स्थान नहीं मिल सका। जिन चहेतों के ट्रांसफर तक कराने में असहाय नजर आने वाले राव का महत्व भी उन्हीं चहेतों की नजर में कम हो गया।

#### बनवारी ने नहीं की विरोध की राजनीति

राव के विपरीत डा. बनवारीलाल ने अहीरवाल के दूसरे मंत्री की तरह विरोध की राजनीति को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया है। हालांकि राव के ही कुछ खास समर्थक डा. बनवारीलाल के बढ़ते प्रभाव से खुश नहीं हैं, परंतु सब कुछ जानते हुए भी उन्होंने कभी ऐसे लोगों के खिलाफ कोई टिप्पणी नहीं की है। ऐसे हालात बनाने के प्रयास भी किए जा चुके हैं, जिनसे राव डा. बनवारीलाल से दूरी बना सकें, परंतु कैबिनेट मंत्री इस खेल में मंझे हुए खिलाड़ी साबित हो रहे हैं।

## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। पंजाबी मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन की गठित कार्यकारिणी।

### पंजाबी मार्केट वेलफेयर एसो. की कार्यकारिणी गठित

**रेवाड़ी।** पंजाबी मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक प्रधानविनोद अरोड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें विचार विमर्श के बाद कार्यकारिणी की घोषणा की गई। सभी ने इस पर सहमति जताई। कार्यकारिणी में लव खरबंदा को उपप्रधान, सुरेंद्र वशिष्ठ को महासचिव, दिनेश कुमार सचदेवा को कोषाध्यक्ष, रवि कुकरेजा को सह सचिव तथा रमन मनोचा, मनीष कुमार, पंकज वर्मा, दिनेश प्रजापत, आनंद अरनेजा व जवाहर नागपाल को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया।

### लूट के प्रयास का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** दो दिन पूर्व कटला बाजार में एक व्यापारी से लूट का प्रयास करने के दूसरे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गंज बाजार के व्यापारी निरंजन को पिस्तोल के बल पर लूटने का प्रयास किया गया था। लोगों ने एक आरोपी को मौके पर ही काबू कर लिया था। अब पुलिस ने दूसरे आरोपी नूंह के तावडू निवासी शेखर को गिरफ्तार किया है।

### घर में घुसकर मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर 30 अक्टूबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। मामले की जांच के बाद पुलिस ने नई आबादी निवासी हितेश कुमार को गिरफ्तार करने के बाद जांच में शामिल कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट के मामले में पांच आरोपी काबू

**धारूहेड़ा।** मीरपुर में मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अस्पताल में उपचाराधीन पीड़ित के बयान पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में सुभाष, चंद्रकांत, हितेश, उषा व सपना को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को बाद में पुलिस बेल पर छोड़ दिया।

### बाइक चोरी के आरोप में एक गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** भगतसिंह चौक पर शराब ठेके के पास से बाइक चोरी करने के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ठेके के पास से खलियावास मोहल्ला निवासी माधव दास की बाइक तीन दिन पहले चोरी हो गई थी। पुलिस ने जांच के बाद गुरूग्राम के बोहड़ा खुर्द निवासी सुनील यादव को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**कसोला।** संदिग्ध हालात में जहरीला पदार्थ खाने से एक युवक की मौत हो गई। मूल रूप से चरखी दादरी निवासी 38 वर्षीय पंकज ने जहरीला पदार्थ खा लिया। पता चलने पर उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

---

### बाल महोत्सव में चौथे दिन प्रदेश के 556 प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा

# विद्यार्थियों ने रंगोली में दिखाई कला, समूह व एकलगान में दिखा सुर-ताल का संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ के तत्वावधान में बाल भवन में चल रहे राज्य स्तरीय बाल महोत्सव के चौथे दिन वीरवार को समूह गान द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ वर्ग, एकल गान द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ वर्ग तथा तृतीय व चतुर्थ वर्ग की रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। मुख्य अतिथि मोहिनी स्वप्निल पाटिल ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का आगाज किया। जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेन्द्र यादव ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। वीरवार को विभिन्न जिलों से आए 556 विद्यार्थियों ने विभिन्न वर्गों की प्रतियोगिताओं में भाग लिया। मुख्य अतिथि मोहिनी पाटिल ने सभी कार्यक्रमों सहित बच्चों की ओर से बनाई गई रंगोली का अवलोकन किया। उन्होंने कहा आज के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। बच्चों को आगे लाने का यह प्रयास बहुत ही सरहनीय है। जिला बाल कल्याण अधिकारी ने बताया कि राज्य स्तरीय समापन समारोह 15 दिसंबर को होगा, जिसमें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ वर्ग की 36 टीमें भाग लेंगी। बेस्ट ड्रामेबाज की प्रथम व द्वितीय वर्ग, चतुर्थ वर्ग की थियटर प्ले व प्रथम वर्ग की फैंसी ड्रैस प्रतियोगिता आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि समापन समारोह में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को भी सम्मानित करने के साथ प्रथम व द्वितीय वर्ग में ओवरऑल ट्रॉफी के लिए प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले, रनरअप तथा सांत्वना स्थान प्राप्त करने वाले स्कूलों को भी सम्मानित किया जाएगा।





रेवाड़ी। रंगोली बनाते हुए प्रतिभागी तथा रंगोली बनाते हुए प्रतिभागी।



रेवाड़ी। रंगोली बनाते हुए प्रतिभागी। फोटो: हरिभूमि

#### यह रहे कार्यक्रम में मौजूद

इस अवसर पर पुष्पेंद्र मंडल स्तरीय अधिकारी, प्रवीन यादव लेखाकार, अनिल मोरवाल एपीओ, अजमेर गोदारा पीओ, मुग्धा यादव, रोशनी देवी, अशोक कुमार, जोगेन्द्र कुमार, अमित कुमार, सुकरम, मनोज कुमार, अनिल शर्मा व अमित कुमार सहित बाल भवन का समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।





रेवाड़ी। समूह गान प्रस्तुत करती टीम। फोटो: हरिभूमि



रेवाड़ी। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

#### प्रतियोगिताओं के परिणाम

**सोलो सांग स्पर्धा:** द्वितीय वर्ग में राज स्कूल से मानवी भारद्वाज प्रथम, ढीएवी पब्लिक स्कूल कुरूक्षेत्र से स्वरित शर्मा द्वितीय व आरपीएस गुरुग्राम से सबूरी तृतीय। तृतीय वर्ग में फरीदाबाद से इशान प्रथम, महेन्द्रगढ़ से याशिका द्वितीय व गुरुग्राम से रिसविन तृतीय। चतुर्थ वर्ग में पानीपत से इशप्रीत प्रथम, कुरुक्षेत्र से हशुल द्वितीय व झज्जर से अंशिका तृतीय।
**रंगोली स्पर्धा:** तृतीय वर्ग में गुरुग्राम से रीतिका प्रथम, रेवाड़ी से राजश्री द्वितीय, रेवाड़ी से साक्षी तृतीय तथा गुरुग्राम से प्रांजल व झज्जर से कनिका ने सांत्वना स्थान पाया। चतुर्थ वर्ग में गुरुग्राम से चंउन प्रजापति ने प्रथम, पानीपत से अचिंत द्वितीय, रेवाड़ी से अरूशु तृतीय तथा झज्जर से साक्षी व चरखी दादरी से सान्या ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया।



रेवाड़ी। एकल गान प्रस्तुत करती मानवी भारद्वाज। फोटो: हरिभूमि



रेवाड़ी। समूह गान प्रस्तुत करती टीम। फोटो: हरिभूमि





रेवाड़ी। समूह गान प्रस्तुत करती टीम। फोटो: हरिभूमि

#### प्रतियोगिताओं के परिणाम

**ग्रुप डांस प्रथम वर्ग-** कोमल एंड टीम रेवाड़ी प्रथम, इशिका एंड टीम रेवाड़ी द्वितीय व खुशी एंड टीम झज्जर तृतीय।
**ग्रुप डांस द्वितीय वर्ग-** अदिति एंड टीम महेन्द्रगढ़ प्रथम, इशान एंड टीम झज्जर द्वितीय व सिया यादव एंड टीम फरीदाबाद तृतीय।
**ग्रुप डांस तृतीय वर्ग-** सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्कूल भिवानी प्रथम, कैनालदवैली स्कूल रेवाड़ी द्वितीय व एचडी सी.सै. स्कूल झज्जर तृतीय।
**ग्रुप डांस चतुर्थ वर्ग-** हिमानी एंड टीम रेवाड़ी प्रथम, प्रेरणा एंड टीम झज्जर द्वितीय व खुशी एंड टीम कैथल तृतीय।
**पोस्टर मेकिंग-** द्वितीय वर्ग में पलवल से अंजलि प्रथम, रेवाड़ी से प्रीति शर्मा द्वितीय व रेवाड़ी से समीक्षा तृतीय। तृतीय वर्ग में महेन्द्रगढ़ से ज्योति प्रथम, अंबाला से शगुन गुप्ता द्वितीय व रेवाड़ी से यशस्वी राजपूत तृतीय। चतुर्थ वर्ग में अंबाला से मान्या धीमान प्रथम, रेवाड़ी से सोनिका यादव द्वितीय व भिवानी से आयुष किलांत तृतीय।
**समूहगान-** द्वितीय वर्ग में स्वामी विवेकानंद स्कूल यमुनानगर प्रथम, असरपीएस रेवाड़ी द्वितीय व यदुवंशी शिक्षा निकेतन महेन्द्रगढ़ तृतीय। तृतीय वर्ग में सुरेना एंड टीम झज्जर प्रथम, प्रियांशी एंड टीम हिसार द्वितीय व केशव एंड टीम हिसार तृतीय। चतुर्थ वर्ग में देव स्कूल कैथल प्रथम, वैश मॉडल स्कूल भिवानी द्वितीय व आरपीएस रेवाड़ी तृतीय।

---

## शहीद की वीरांगना का किया सम्मान

**रेवाड़ी।** इंटेलिजेंस कोर कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल प्रदीप कुमार चैहल एवीसएम ने 1962 युद्ध में शहीद हुए कोसली गांव के नायक मेहताब सिंह की 85 वर्षीय वीरनारी रामगिरी को अधिकारी के माध्यम से सम्मानित किया। सूबेदार मेजर धर्मपाल सिंह ने जनरल चैहल की ओर से साइटेशन शील्ड, मेडल, चांदी का मोमेंटो, गर्म शाल, वस्त्र, फ्लैग और स्पेशल गिफ्ट पैकेज देकर वीरनारी का सम्मान किया। जनरल चैहल ने मोबाइल से वीरनारी का कुशलक्षेम जानकर भविष्य में कोर की तरफ से हर प्रकार की मदद का आश्वासन भी दिया। रेजांगला शौर्य समिति की ओर से महासचिव राव नरेश चौहान राष्ट्रपूत ने वीरनारी को शाल तथा सूबेदार मेजरको रेजांगला शौर्य गाथा का साहित्य भेंट किया। इस अवसर पर कप्तान चंदगी राम यादव, सूबेदार मेजर अशोक कुमार, नायक प्रमोद, नायक सतीश, नायब सूबेदार अमन, सूबेदार जितेंद्र सिंह व शिव कुमार यादव उपस्थित थे।



रेवाड़ी। वीरनारी रामगिरी का सम्मान करते हुए। फोटो :हरिभूमि

## वन क्षेत्र में पेड़ों की कटाई पर रोक लगाने की मांग

- शिकायत की जा चुकी है, परंतु कोई एक्शन नहीं लिया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बावल

राजस्थान की सीमा के साथ सटे करणपुरा गांव के वन क्षेत्र में रात के समय चोरी से पेड़ों की कटाई का कार्य चलता है। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से पेड़ों के अवैध कटान पर रोक लगाने की मांग की है।

पूर्व सरपंच योगेश, उमेद, रिंकू व राजू आदि ग्रामीणों ने बताया कि गांव में राजस्थान की सीमा के साथ बणी है। इस बणी में वन माफिया एक्टिव हो रहा है, जो रात के समय पेड़ों की अवैध कटाई करता है। बणी से भारी संख्या में पेड़ों की कटाई हो चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि वन विभाग के अधिकारियों को पूर्व में शिकायत की जा चुकी है, परंतु पेड़ काटने वालों के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया गया है।



बावल। करणपुरा गांव की बणी में काटे जा रहे पेड़।

#### असामाजिक तत्वों पर भी काबू नहीं

ग्रामीणों ने बताया कि गांव की बणी के रास्ते से देर सायं कंपनियों में नौकरी करने वाले लोग आवागमन करते हैं। बणी के पास असमाजिक तत्वों व नशेड़ियों का जमावड़ा रहता है। यह लोग राहगिरों के साथ छीना-झपटी की वारदातों को अंजाम देते हैं। इससे उनके गांव का नाम बदनाम होता है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से ऐसे तत्वों पर रोक लगाने की मांग की है।

---



रेवाड़ी। छात्रा विधि को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## विधि ने पोस्टर मेकिंग में पाया द्वितीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसली

इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी मीरपुर में आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में आरपीएस पब्लिक स्कूल कोसली की दसवीं कक्षा की छात्रा विधि द्वितीय स्थान पर रही। आईटीआई के प्राचार्य व आईजीयू स्टॉफ ने छात्रा को सर्टिफिकेट व 1100 रुपए की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। स्कूल चैयरमेन श्रीभगवान यादव, चेयरपर्सन सुमन यादव, प्राचार्या संजना कटोच, उप प्राचार्य सज्जन सिंह, कोऑर्डिनेटर प्रवीण यादव व कोऑर्डिनेटर ओमबीर यादव ने भी छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## राज स्कूल का बाल महोत्सव में रनर अप ट्रॉफी पर कब्जा

- 125 विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से बाल महोत्सव का आयोजन 11 से 25 अक्टूबर तक किया गया, जिसमें राज इंटरनेशनल स्कूल के 125 विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करके जिले की ओवरऑल द्वितीय ट्रॉफी पर कब्जा किया।

महोत्सव में विभिन्न प्रकार की 46 प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमे राज इंटरनेशनल स्कूल ने 12 प्रतियोगिताओं में प्रथम, 9 प्रतियोगिताओं में द्वितीय, 12 प्रतियोगिताओं में तृतीय और 10 प्रतियोगिताओं में सांत्वना स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर चेयरमैन राजेंद्र सैनी ने बच्चों एवं उनके प्रशिक्षक विवेक भारद्वाज, नवीन भारद्वाज, सोनाली, रीमा, रोहित चतुर्वेदी, मनोज, अभिलाष, मदन डागर, अभिषेक, वैशाली व मंजू को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षकों के सही मार्गदर्शन के कारण ही स्कूल को यह उपलब्धि मिली हैं।



रेवाड़ी। रनर अप ट्राफी लेते हुए राज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

## सुप्रीम कोर्ट में विद्रोही की पीआईएल पर सुनवाई आज

- गुरमीत राम रहीम को पैरोल के खिलाफ दायर की गई है पीआईएल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

दुष्कर्म के दोष में जेल में सजा भुगत रहे गुरमीत राम रहीम को दो साल में 9 बार फरलो-पैरोल देने के फैसले को चुनौती देते हुए कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल दायर की हुई है, जिस पर सुनवाई 15 दिसंबर को होगी। वीरवार को एक बयान में विद्रोही ने कहा कि गुरमीत राम रहीम को दो वर्षों में 9 बार पैरोल व फरलो दी गई है। सरकार के इस निर्णय के खिलाफ अपने वकली कौशल यादव के माध्यम से पीआईएल दायर की हुई है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना की बैंच में पीआईएल पर शुक्रवार को सुनवाई होगी। उन्होंने कहा कि अगर सुप्रीम कोर्ट उनकी पीआईएल को स्वीकार करती है, तो इससे जेल में बंद प्रभावशाली कैदियों को मनमाने ढंग से पैरोल या फरलो देने की परिपाटी पर रोक लग सकेगी। चुनावों के दौरान सरकार प्रभावशाली कैदियों को पैरोल देकर बाहर निकाल देती हैं। यह सब राजनीतिक लाभ लेने के लिए किया जाता है, जिस पर रोक लगाना जरूरी है।



वेदप्रकाश विद्रोही।

---

### एसोसिएशन ने की एक्शन लेने की मांग

# औद्योगिक क्षेत्र के सर्विस रोड पर कंपनी का अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बावल

आईएमटी बावल हरियाणा के मुख्य इंडस्ट्रियल एरिया में से एक है। गुरुग्राम मानेसर के बाद औद्योगिक क्षेत्र बावल ही है, जिसका हरियाणा के विकास व रोजगार देने में काफी योगदान है। इसके बावजूद इस औद्योगिक क्षेत्र में काफी समस्याएं व्याप्त है। बावल रोड से सेक्टर-5 की ओर जापानी कंपनी असाही इंडिया ने पूरे सर्विस रोड को कई वर्षों से अतिक्रमण किया हुआ है और मुख्य रोड को दोनों तरफ से अपने ट्रकों की पार्किंग करके पूरी तरह बंद किया हुआ है। लोगों को वाहनों से आवागमन एक ही सड़क से करना पड़ता है। आईएमटी बावल इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन यादव ने बताया कि इस बारे में एचएसआईआईडीसी के अधिकारियों को कई बार सूचित किया जा चुका है, लेकिन इस समस्या पर अधिकारियों की ओर से किसी प्रकार का कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस कंपनी के मैनेजमेंट को भी पता है कि इनकी वजह से वाहनों को असुविधा हो रही है और इसकी वजह से बाकी औद्योगिक इकाइयों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि सड़क पर वाहन खड़ा करना गैरकानूनी है और सभी औद्योगिक इकाइयों की ओर से इस संदर्भ में अलॉटमेंट के साथ ही एचएसआईआईडीसी को एक एफिडेविट दिया जाता है, जिस पर एचएसआईआईडीसी कंपनी के खिलाफ एक्शन भी ले सकती है।



रेवाड़ी। कंपनी की ओर से बनाई गई पार्किंग। फोटो: हरिभूमि

#### अधिकारियों को अवगत कराया गया था

पवन यादव ने बताया की इस संदर्भ में एसोसिएशन की पिछली मासिक मीटिंग में भी एचएसआईआईडीसी के अधिकारी अशोक यादव को अवगत कराया गया था तथा फिर से अवगत कराया जाएगा। अधिकारियों को इस समस्या पर तुरंत एक्शन लेना चाहिए। अधिकारियों की ओर से जल्द ही कार्रवाई नहीं की गई तो मैनेजिंग डायरेक्टर एचएसआईआईडीसी को भी पत्र लिखा जाएगा।



पवन यादव।

## विद्यार्थियों ने भ्रमण के दौरान हरियाणा की संस्कृति को जाना

- भ्रमण के लिए विद्यार्थियों की बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

यूरो इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण के दौरान हरियाणा की संस्कृति की जानकारी हासिल की। प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने भ्रमण के लिए विद्यार्थियों की बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों को ठाकरान ढाणी फार्म हाउस का भ्रमण कराया गया। बच्चों ने चरखा कातना, कपड़े बुनना, चक्की चलाना व चाक पर बर्तन बनाना सीखा। बच्चों ने हरियाणा के गांवों के रहन-सहन और वेश-भूषा की जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही रोमांचक और साहसिक खेलों का भी भरपूर आनंद उठाया। कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों को मूवी शो दिखाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने कहा कि बच्चों को अपनी संस्कृति को जानना, उसका ज्ञान और उससे जुड़े रहने की आवश्यकता है। इसके लिए ऐसे शैक्षणिक भ्रमण महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। चेयरमैन सत्यवीर यादव ने कहा कि बच्चों के लिए जितनी शिक्षा आवश्यक है उतना ही उनका शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य जरूरी है, जिसके लिए उन्हें विद्यालय से बाहर प्रकृति की गोद में सांस्कृतिक विरासत का भी ज्ञान देना चाहिए।





रेवाड़ी। भ्रमण के दौरान शिक्षकों के साथ विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि